## खबर संक्षेप

### वोट चोर गद्दी छोड़ो अभियान का सेमरिया चौराहा जमगांव में आयोजन



शहडोल। जिले के जैतपुर के सेमरिया चौराहा जमगांव में वोट चोर गद्दी छोड़ो अभियान का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता राजेश चंद्रा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उमा धुर्वे और अनिरुद्ध सिंह की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को जनता के विश्वास और वोट की कद्र करने की याद दिलाना था। वक्ताओं ने कहा कि जनता ने विकास और ईमानदारी के लिए वोट दिया है, न कि वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार के लिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शी शासन व्यवस्था की मांग की। जनसभा के दौरान नारेबाजी के साथ लोगों ने वोट चोर गद्दी छोड़ो का संदेश बुलंद किया और जनहित को सर्वोपरि रखने की अपील की।

### कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विराट सभागार में समयावधि पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में



कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को अनअटेन्डेड न छोड़ा जाए तथा सभी शिकायतों का निराकरण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें और उनका जवाब संबंधित एल-1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं, बल्कि शिकायतों का समाधान वास्तविक रूप से किया जाना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिले। डॉ. सिंह ने कहा कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण हेतु अपने अधीनस्थ मैदानी अमले को भी जिम्मेदारी सौंपें, जिससे शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां के जिला प्रमुख अधिकारियों को शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### संभाग के 52 खिलाड़ी राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में लेंगे भाग

शहडोल। राजस्थान के अलवर में 14 से 15 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में संभाग के 52 प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। संभागीय लाठी प्रमुख प्रमोद विश्वकर्मा ने बताया कि हमारे खिलाड़ी अपनी मेहनत, प्रतिभा व टीम भावना के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाडियों की सूची में अभिषेक जायसवाल, अगम दीप, आर्य गुप्ता, संतोषी गुप्ता, शिफा बेगम, अंशिका गोले सहित कुल 52 उत्कृष्ट खिलाड़ी शामिल हैं।

### युवा उत्सव की कक्षा प्रतियोगिताएं संपन्न



शहडोल। पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में आयोजित युवा उत्सव 2025- 26 के अंतर्गत तृतीय दिवस पर विश्वविद्यालय के सभागार में अंतर कक्षा विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। युवा उत्सव की संयोजिका प्रो. मनीषा तिवारी एवं सह-संयोजक डॉ. गंगाधर ढोके के निर्देशन में विद्यार्थियों ने तृतीय दिवस गायन, वादन और नृत्य कौशल से अपनी प्रस्तुतियां दीं। एकल गायन (शास्त्रीय) एकल गायन (सुगम) एकल गायन (पाश्चात्य) समूह गायन (भारतीय) समूह गायन (पाश्चात्य) शास्त्रीय एकल वादन (परकुसन) शास्त्रीय एकल वादन (नॉन-परकुसन) जैसी प्रतियोगियों की संयोजिका डॉ प्रज्ञा यादव, सदस्य- डॉ. शुभम यादव, संजीव द्विवेदी, कृष्णा साहू और शिवांश द्विवेदी मौजूद रहें। कार्यक्रम में एकल नृत्य के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां संयोजिका- डॉ. ज्योति सिंह सदस्य - डॉ. मुनीश सिंह नेगी, डॉ. मौसमीकर, मुनीश सिंह नेगी डॉ. सिद्धिश्री सिंह के संयोजन में कलात्मक रूप से प्रस्तुत की। तीन दिवसीय युवा उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रदर्शन किया।

## लोकायुक्त रीवा की सख्त कार्रवाई

# सहायक राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते हुए धराया









शहडोल।

महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए लोकायुक्त संभाग रीवा ने नगर पालिका परिषद धनपुरी में एक साहसिक और निर्णायक ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में और पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाटीदार के निर्देशन में आयोजित इस कार्रवाई में आरोपी सहायक राजस्व निरीक्षक इंद्र बहादुर सिंह को 3000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

### शिकायत पर हुई कार्रवाई

यह कार्रवाई शिकायतकर्ता योगेन्द्र मेहरा पुत्र गया प्रसाद मेहरा निवासी सिद्दीकी कॉलोनी धनपुरी की शिकायत पर आधारित थी। शिकायत में उल्लेख किया गया था कि उनके पिता द्वारा सिद्दीकी कॉलोनी में बन रहे मकान के निर्माण कार्य को आरोपी ने रोक रखा था और काम चालू करने की अनुमति देने के लिए 5000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। पहले ही आरोपी ने 2000 रुपए ले लिए थे, जबकि शेष 3000 रुपए की राशि आज मांगने पर ट्रैप कार्यवाही की योजना बनाई गई।

### सटीक और तकनीकी ट्रैप योजना

शिकायत मिलने के तुरंत बाद लोकायुक्त रीवा के पुलिस अधीक्षक द्वारा सत्यापन कर कार्रवाई की योजना तैयार की गई। जांच के दौरान स्पष्ट हो गया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से शेष 3,000 रुपए की रिश्वत की मांग की। इसके बाद 13 अक्टूबर 2025 को ट्रैप दल ने आरोपी को उसके कार्यालय में रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। इस कार्रवाई में टीम की तैयारी, तकनीकी कौशल और पूर्ण गुप्त निगरानी ने इसे सफलता की मिसाल बना दिया।

### टीम और कार्यवाही का विवरण

ट्रैप कार्यवाही का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार ने किया। ट्रैप दल में निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक सुरेश कुमार, मुकेश मिश्रा, पवन पाण्डेय, आरक्षक शाहिद खान और शिवेंद्र मिश्रा शामिल रहे। टीम ने पूरी सतर्कता और गुप्त रणनीति के साथ आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ कर अपराध को दर्ज किया।

### कानूनी कार्रवाई और प्रभाव

आरोपी इंद्र बहादुर सिंह पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधन अधिनियम 2018) की धारा 7 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है। लोकायुक्त कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई का मकसद सरकारी अधिकारियों में डर पैदा करना और जनता के प्रति जिम्मेदारी सुनिश्चित करना है। यह कार्रवाई प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर कड़ा संदेश है और इसे भविष्य में निवारण के लिए एक मिसाल माना जा रहा है। लोकायुक्त रीवा की यह कार्रवाई यह दिखाती है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि जनता के अधिकारों और सरकारी कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यह कदम आम जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करेगा। धनपुरी में सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा रिश्वत लेने की यह ट्रैप कार्रवाई लोकायुक्त रीवा की भ्रष्टाचार के खिलाफ निरंतर लड़ाई की चमकदार मिसाल है। इससे यह संदेश जाता है कि अब कोई भी सरकारी अधिकारी अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को छुपा नहीं सकेगा और लोकायुक्त के सख्त नियमों के तहत जवाबदेह होगा।

# अमलाई हादसे में बड़ी सफलता; एनडीआरएफ ने टीपर सहित चालक अनिल कुशवाहा को ट्रेस किया





### जल्द सुरक्षित बाहर निकालने की उम्मीद

शहडोल।

जिले के अमलाई ओपनकास्ट खानों में तीन दिन पहले हुए हादसे में राहत की बड़ी खबर मिली है। हादसे के तीसरे दिन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमों ने मिट्टी और पानी में धंसे टीपर का सटीक स्थान ट्रेस कर लिया है। राहत की बात यह है कि वाहन के अंदर लापता चालक अनिल कुशवाहा का भी पता चल गया है। रेस्क्यू टीम अब सावधानीपूर्वक मलबा हटाने की तैयारी कर रही है, ताकि जल्द से जल्द वाहन और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

### तीन दिन से जारी था लगातार बचाव अभियान

गौरतलब है कि रविवार को अमलाई खदान में मिट्टी खिसकने से बड़ा हादसा हुआ। यह घटना उस समय हुई जब छत्तीसगढ़ की आर.के.टी.सी. कंपनी द्वारा ओवरबर्डन हटाने का कार्य किया जा रहा था। अचानक भारी मात्रा में मिट्टी और पानी नीचे आ गया, जिससे कई कर्मचारी मलबे में दब गए। चार में से दो कर्मचारियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। शिफ्ट इंचार्ज मुनीम यादव को एसडीआरएफ ने जीवित निकाला, जबकि टीपर चालक अनिल कुशवाहा मशीन सहित गहराई में समा गए थे।

### एनडीआरएफ की तकनीकी खोज से मिली सफलता

तीन दिन की अथक कोशिशों के बाद एनडीआरएफ टीम ने चुंबकीय स्कैनिंग और जल कैमरा तकनीक से लगभग 50 फीट गहराई में टीपर को ट्रेस किया। कैमरे से मिले दृश्य में वाहन के अंदर मानव आकृति की पुष्टि होने के बाद बचाव दल ने राहत अभियान को निर्णायक चरण में पहुंचाया। 35 वीं बटालियन मंडला और जबलपुर सेना रेस्क्यू यूनिट के विशेषज्ञ अब भारी मशीनों की मदद से सावधानीपूर्वक खुदाई कर रहे हैं।

### कंपनी पर सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप

स्थानीय लोगों और खनन कर्मियों ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि आर.के.टी.सी. ने खनन सुरक्षा मानकों की अवहेलना की। ओवरबर्डन क्षेत्र में कार्य शुरू करने से पहले ढलान स्थिरता परीक्षण, जल निकासी जांच और आपातकालीन चेतावनी प्रणाली अनिवार्य होते हैं, लेकिन मौके पर इनका पालन नहीं किया गया। रेस्क्यू स्थल पर कलेक्टर, एसपी और कोलफील्ड प्रबंधन के अधिकारी लगातार मौजूद हैं। अब पूरा ध्यान चालक को बाहर निकालने पर केंद्रित है।




# दवा दुकान संचालक पर पीसीआई आदेश उल्लंघन के आरोप, जांच की मांग

शहडोल।

जिले के जयसिंहनगर में संचालित जय गोपाल मेडिकल के संचालक पंकज राव पर फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के आदेशों का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि पंकज राव न तो पंजीकृत फार्मासिस्ट हैं और न ही उनके पास स्वयं का वैध ड्रग लाइसेंस है। इसके बावजूद वे दवा दुकान का संचालन कर रहे हैं, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

सूत्रों के अनुसार, पंकज राव ने वर्ष 2021 में ड्रग लाइसेंस प्राप्त किया, जबकि उन्होंने 12वीं की परीक्षा वर्ष 2022 में उत्तीर्ण की है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब उन्होंने बारहवीं पास भी नहीं की थी, तब उन्हें मेडिकल ड्रग लाइसेंस कैसे जारी हुआ? बताया जाता है कि उन्होंने किसी भोपाल स्थित फार्मेसी कॉलेज से घर बैठे रिजल्ट प्राप्त कर लिया और बाद में फार्मेसी काउंसिल, भोपाल में डिग्री के लिए आवेदन भी कर दिया। यह पूरा मामला जांच का विषय बन गया है।

जानकारों का कहना है कि फार्मेसी जैसी संवेदनशील डिग्री फर्जी तरीके से हासिल करना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह लोगों के जीवन से खिलवाड़ भी है। वहीं यह भी सामने आया है कि उक्त मेडिकल दुकान पर फिलहाल एक किराए की डिग्री लगी हुई है और फार्मासिस्ट वास्तव में किसी अन्य स्थान पर नौकरी करता है। यह स्थिति भी ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिसके तहत बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के दवाओं की बिक्री गैरकानूनी है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। नियमों के अनुसार, इस तरह के उल्लंघन पर तीन माह तक की जेल और दो लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।



# वोकल फॉर लोकल विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

शहडोल।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, जयसिंहनगर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 6 अक्टूबर 2025 को वोकल फॉर लोकल : आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन आभासीय पटल के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विवेकानंद उपाध्याय, सहायक आचार्य (हिंदी), महिला महाविद्यालय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उ.प्र.) एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. अफरोज इकबाल, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र), गुरु राम राय महाविद्यालय, देहरादून (उत्तराखंड) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रो. आर. पी. सिंह, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा संभाग, तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। स्वागत भाषण प्रो. गजेंद्र परते ने दिया। प्राचार्य डॉ. द्विवेदी ने अपने संबोधन में वोकल फॉर लोकल की भावना को आत्मनिर्भर भारत का आधार बताया और कहा कि स्थानीय संसाधनों के विकास से ही राष्ट्रीय आर्थिक मजबूती संभव है।

मुख्य वक्ता डॉ. उपाध्याय ने 1905 के स्वदेशी आंदोलन का उल्लेख करते हुए बताया कि स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को बढ़ावा देना भारत के आर्थिक सशक्तिकरण की कुंजी है। उन्होंने वर्तमान वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य में वोकल फॉर लोकल को भारत के लिए बड़ा अवसर बताया। विशिष्ट वक्ता डॉ. अफरोज इकबाल ने गांधीजी के ग्राम स्वराज्य के विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. प्रमिला वास्केल ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. उत्तम सिंह ने किया। आयोजन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सब्जी मंडी से हटाया गया अतिक्रमण

# गंदगी फैलाने पर वसूला गया जुर्माना

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 12 स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा सोमवार को अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के तहत मंडी के भीतर हाथ ठेला लगाकर जगह घेरने वाले एवं गंदगी फैलाने वाले सब्जी विक्रेताओं पर जुर्माना लगाया गया तथा मौके पर ही राशि वसूल की गई।

नगर पालिका टीम ने मंडी परिसर में शेड के नीचे व्यापक सफाई अभियान भी चलाया। बताया गया कि कई सब्जी व्यवसाइयों ने निर्धारित स्थल के बजाय रास्ते में हाथ ठेला रखकर अतिक्रमण कर लिया था, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था और परिसर में अस्वच्छता फैल रही थी। इस पर कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया गया और विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी गई कि वे



केवल शेड के नीचे ही अपनी दुकानें लगाएं। अधिकारियों ने सब्जी विक्रेताओं को निर्देश दिए कि परिसर में डस्टबिन रखें और आस-पास सफाई बनाए रखें। यदि किसी के आसपास गंदगी पाई जाती है तो जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही मंडी के बाहर दुकानें लगाने वालों को हिदायत दी गई कि वे अपने ठेले और दुकानें मंडी के अंदर निर्धारित स्थान पर ही लगाएं।

नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया कि पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसलिए किसी भी दुकानदार द्वारा इसका प्रयोग पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में स्वच्छता निरीक्षक मोतीलाल सिंह, स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया, सफाई प्रभारी एवं नगर पालिका के स्वच्छता मित्र शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# रील बनाने के चक्कर में 14 वर्षीय बालक की मौत, 36 घंटे से लापता



शहडोल।

रील का शौक कभी-कभी जानलेवा साबित हो सकता है। जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलपुर स्थित सोन नदी में रील बनाने के दौरान 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बुढ़ार थाना क्षेत्र निवासी अंश अपने दोस्तों के साथ नदी किनारे घूमने आया था। इसी दौरान सभी दोस्तों ने मिलकर कपड़ों की रस्सी तैयार की और नदी के तेज बहाव में उतरकर रील बनाने लगे। इसी बीच अंश का हाथ रस्सी से छूट गया और वह तेज बहाव में बह गया। उसके दोस्त देखते रह गए, लेकिन कोई उसे बचा नहीं सका। घटना का चार सेकंड का वीडियो बालक के दोस्तों के मोबाइल में कैद हुआ है, जो अब पुलिस के पास है। हादसा दो दिन पहले हुआ था, लेकिन 36 घंटे बीत जाने के बाद भी अंश का पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एसडीआरएफ प्रभारी उप निरीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि नदी में तेज बहाव के कारण सर्च अभियान में कठिनाई आ रही है। अब तक लगभग 30 किलोमीटर क्षेत्र में तलाशी ली जा चुकी है, लेकिन सफलता नहीं मिली है। टीम लगातार खोजबीन में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### रेस्क्यू किए गए शावकों को सुरक्षित बाड़े में छोड़ा गया



**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व अनुपम सहाय ने बताया कि सलखनिया बीट से रेस्क्यू किए गए दोनों बाघ शावकों को सहायक संचालक ताला, आरओ ताला तथा अन्य स्टाफ की उपस्थिति में समस्त गाइडलाइंस का पालन करते हुए ताला वन परिक्षेत्र में एक सुरक्षित बाड़े में छोड़ा गया। जहां शावकों की निरंतर निगरानी की जाएगी।

### एसडीएम पाली ने विस्फोटक सामग्री की दुकानों का किया निरीक्षण



**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने नगर पालिका परिषद पाली अंतर्गत संचालित स्थाई विस्फोटक सामग्री की दुकानों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने दुकान संचालकों से कहा कि निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए विस्फोटक सामग्री विक्रय करें। भंडारण स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नही हो । निरीक्षण के दौरान तहसीलदार पाली, थाना प्रभारी पाली सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### नवागत फुनगा चौकी प्रभारी ने संभाला पदभार



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सोने सिंह परस्ते ने 11 अक्टूबर को विधिवत अपना पदभार सम्हाल लिए है। बता दें कि जिले के कोतमा, भालूमाडा, करन पठार थाने में पदस्थ रह कर श्री परस्ते अपने दायित्व के बेहतर निर्वहन चुस्त दुरूस्त तरीके से करने के लिए जाने जाते हैं। एसआई सोने सिंह परस्ते के फुनगा चौकी प्रभारी बनने से फुनगा चौकी क्षेत्र में आपराधिक घटनाओ पर अंकुश लग सकेगा।

### 6 लीटर कच्ची शराब जप्त

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत पुलिस ने श्रमिक नगर पकरिया के पास भूपेंद्र चौधरी के कब्जे से 6 लीटर शराब हाथ भट्टी महुआ वाली कीमती 900 रुपए को जप्त करते हुए आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया है। आरोपी के द्वारा अवैध शराब बिक्री हेतु जारीकेन में छिपा कर रखा गया था जिसे पुलिस ने दबिश देकर जप्त किया।

### चलती ट्रेन से गिरा यात्री, बाल-बाल बची जान

**कटनी।** साउथ कटनी रेलवे स्टेशन में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गाड़ी संख्या 12121 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जो जबलपुर से कटनी की ओर जा रही थी, उसमें यात्रा कर रहे एक युवक का पैर पानी लेने के लिए उतरते समय फिसल गया। युवक चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ा जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना को देखकर यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए चेन पुलिंग कर ट्रेन को रुकवा दिया।

### घर-घर जाकर पिलाई जायेगी पोलियो की दवा

**कटनी।** पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत रविवार को जिले के 1670 बूथों में जिले के 80 फीसदी से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को अब सोमवार 13 अक्टूबर एवं मंगलवार 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने पालकों और अभिभावकों से अपील की है कि वे घर पहुंचने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के साथ सहयोग करें और 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलवायें।

## आपातकालीन सेवा बेगारी की शिकार, अव्यवस्थाएं भारी पड़ रहीं

# अतिक्रमण हटाने व प्रचार प्रसार करने में अग्निशमन अमले को झोंका

**शहडोल।** सातो दिन, चौबीसो घंटे सेवा देने का दम भरने वाली नगरपालिका की अपातकालीन अग्निशमन सेवा एक अर्से से सीएमओ की बेगारी की शिकार है और दम तोड़ती नजर आ रही है। अब तो दमकल वाहन अग्निदुर्घटना के समय या तो पहुंचते ही नहीं या फिर काफी विलंब से पहुंचते हैं। हाल ही में कोटमा तिराहे में एक मोबाइल दूकान की दुकान में आग लगी, सूचना दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची। बताया जाता है कि फायरमैनों को अतिक्रमण हटाने, वार्डों की सर्वे सूची बनाने तथा अन्य बेगारी में लगा रखा गया है। पिछले दिनो नगर में अतिक्रमण हटाने अभियान चला जिसमें फायर अधीक्षक सहित दमकल कर्मचारी सेवा में लगाए गए। अग्रिशमन सेवा के लिये पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। वाहन भी कबाड़ होते जा रहे हैं। इस मामले में जिला प्रशासन भी कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहा है।

### सडक़ों में घूम रहे फायरमैन

फायर कर्मचारियों को सीएमओ की शह पर फायरब्रिगेड से हटाकर वार्डों की सर्वे सूची बनाने में लगा दिया गया है। दमकल सेवा के लिए अब आधे से भी कम कर्मचारी शेष हैं। इन कर्मचारियों को भी अतिक्रमण हटाने, जैसे कार्य में लगा दिया जाता है। अब यही कर्मचारी फायरस्टेशन छोडकऱ वार्डों की सडक़ों और बाजार में घूमते लोगों से संपर्क करते नजर आते हैं। जबकि यह उनका कार्य नहीं है। वे सीएमओ की अनदेखी के कारण अपने मूल दायित्व से विलग होकर अन्य कार्य करने को विवश हैं।

### प्रचार प्रसार कार्य में लगे

फायर वाहनों को वार्डों और बस्तियों में शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए भेजा जाता है। आए दिन यह वाहन नल कनेक्शन, टैक्स भरपाई तथा अन्य जागरुकता अभियान चलाते व चेतावनी देते नजर आते हैं। इन वाहनों का उपयोग प्रचार प्रसार अभियान में किया जा रहा है। जबकि इस कार्य के लिए अन्य वाहनो और कर्मचारियों का उपयोग किया जाना चाहिए।

### जर्जर वाहन दौड़ा रहे

बताया जाता है कि अग्निशमन सेवा के लिए 6 वाहन और लगभग 22 कर्मचारी तैनात हैं। वाहनो की हालत समुचित रख-रखाव बिना काफी जर्जर है। अग्नि दुर्घटना के समय यह वाहन पूरी गति से स्थल की ओर नहीं दौड़ पाते हैं और रास्ते में ही बंद हो जाते हैं। जबकि मरम्मत के नाम पर इनके लिए भुगतान होता रहता है। इनकी मरम्मत किस कोटि की हो रही है और राशि कहां जाती है, इसका हिसाब लेने वाला कोई नहीं है। यहां का जो सबसे अधिक क्षमता वाला वाहन है उसके चालक को एक बड़े अधिकारी के वाहन में बतौर चालक लगा दिया गया है। वह उनकी गाड़ी चलाता है और अन्य शहरों की यात्रा करता है। जबकि अन्य चालक उस गाड़ी को सम्हाल भी नहीं पाते हैं।

### ऐसा भी बेगार चल रहा

बताया गया कि दमकल के लिए 22 कर्मचारी हैं, लेकिन अधिकांश से बंगला ड्यूटी, सर्वे ड्यूटी आदि का कार्य लिया जा रहा है। हद तो यह है कि एक सेवानिवृत्त फायर अधीक्षक के आवास में फायरमैन से चूल्हा चौका, झाड़ू पोंछा कराया जा रहा है, जबकि एक प्रशिक्षित फायरमैन से मल टैंक साफ कराया जा रहा है। इन अंधेरगर्दियों के कारण अग्निशमन सेवा सुचारु रूप से काम नहीं कर पा रही है और बेहतर व त्वरित सेवा दे पाना उसके लिए कठिन होता जा रहा है।

# खेल को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ खेलकर जीत हासिल करें - कलेक्टर

## राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ









### हार जीत को मन में नही रखें, बल्कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए खेलें- विधायक बांधवगढ़

**उमरिया।** अमर शहीद स्टेडियम ग्राउंड उमरिया में 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाली 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विधायक बांधवगढ़ ने कहा कि जिले में राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन होता आया है। उमरिया कि मिट्टी में जिले सहित बाहर के खिलाडिय़ों ने अपना जौहर दिखाते हुए बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल भावना के साथ खेले । खेल मे होने वाली हार जीत को मन में नही रखें , बल्कि और अच्छे खेल का प्रदर्शन कर ग्राम, जिला,राज्य व देश का नाम रोशन करें।उन्होने खिलाडिय़ो को शुभकामनाएं देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की बात कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद दिसंबर माह में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिले में होगा,जो उमरिया के लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाडिय़ों से कहा कि जिला एवं संभाग स्तर पर मेहनत करने के बाद राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित होना का अवसर प्राप्त हुआ है, इसलिए आवश्यक है कि खेल को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ खेले और अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की टीम में शामिल हो।

कार्यक्रम को आसुतोष अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उमरिया जिले को अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होने खिलाडिय़ो को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए खेल खेलने की बात कही।

कार्यक्रम का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी ने कहा कि 13 से 17 अक्टूबर तक चलने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के शहडोल,रीवा, जबलपुर, इंदौर, सागर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जन जातीय कार्य विभाग कुल 180 बालक एवं 40 आफीसियल्स सहभागिता निभाएंगे। खिलाडिय़ो के लिए आवासीय व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था की गई है। राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता मे प्रथम दिन भोपाल एवं इंदौर के बीच मैच खेला गया।विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह,कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खिलाडिय़ो से परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल मे किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया।इस अवसर पर इनायतुल्ला खान पीटीआई के नेतृत्व में टीमों के व्दारा मार्च पास्ट किया गया। कार्यक्रम में आरसी स्कूल उमरिया तथा मां भवानी गरबा ग्रुप की बालिकाओ व्दारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर के खिलाड़ी राघव ताम्रकार ने मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में खिलाडिय़ो को खेल प्रतियोगिता निर्धारित नियमों एवं विधियो तथा निष्ठा पूर्वक पालन करते हुए खेल खेलने की शपथ दिलाई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों व्दारा खिलाडिय़ो को किट का वितरण किया गया । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीता राम सत्या,संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश कुमार धुर्वे,धनुषधारी सिंह,संतोष सिंह,आर सी स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पांडेय,स्कूल शिक्षा विभाग से शेख सलीम सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । जो विभाग प्रमुख डी ग्रेड की श्रेणी में है वे सभी विभाग ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें । बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने कहा कि हितग्राही मूलक योजनाओं में दिए गए लक्ष्य को सभी विभाग पूर्ण करें।उन्होने जन जातीय कार्य विभाग से कहा कि ऐसे छात्रावास जहां पर अधीक्षक तीन वर्ष या उससे ज्यादा समय तक पदस्थ रह चुके है , उन्हें स्थानांतरित किया जाए। आदि कर्मयोगी के कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए । छात्रवृत्ति के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किया जाए। उन्होने समस्त अधिकारियों से कहा है कि दीपावली पर्व पर बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नही छोड़ें। उन्होने श्रम विभाग से कहा कि संबल योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाए ।

उन्होने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि अवैध शराब के विरूध्द की जा रही कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन समय समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा अखबारो में छप रही अवैध पैकारी की खबरों को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ हरनीत कौर कलसी, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की सघन जांच करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के संज्ञान में यह बात आई है कि जिले मे पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य वस्तुओं की बिक्री की प्रबल संभावना है, अमानक खाद्य पदार्थों से अनेक प्रकार की बीमारियों के उत्पन्न होने का खतरा बना रहता है इसके साथ ही मिलावटी खाद्य पदार्थ लंबे अंतराल में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालते है। इसीके के मद्देनजर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा को निर्देश दिए हैं कि दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच अभियान चलाकर की जाए।जांच के दौरान यदि कोई भी खाद्य वस्तु अमानक स्तर की पाई जाती है तो उस दुकानदार पर कड़ी कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही अखबारों मे मिलावटी सामानों की बिक्री को लेकर छप रही खबरों पर गंभीरता बरती जाए तथा उस पर त्वरित कार्यवाही की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि,की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन कार्यवाही उपरांत उपलब्ध कराया जाए इसके साथ ही लिए गए सैंपल्स की जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग,एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ हरनीत कौर कलसी, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने थानों का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अनुभाग के थानों का बीती रात औचक निरीक्षण किया गया। गत 11 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक जिले के विभिन्न थानों में यह निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने थाना माधवनगर का तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया ने थाना कुठला का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मालखाने में रखे जप्तशुदा माल, आर्म्स, एम्यूनिशन एवं रायट ड्रिल सामग्री की स्थिति का परीक्षण किया। हवालात एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की तथा थाने में संधारित रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन कर अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की।

एसपी श्री विश्वकर्मा ने निर्देश दिए कि लंबित सी.एम. हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई शिकायतों का शीघ्र एवं संतोषजनक निराकरण किया जाए। महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित प्रकरणों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए तथा तत्काल विधिसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने थाना एनकेजे एवं कोतवाली का तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी ने थाना स्लीमनाबाद का औचक निरीक्षण कर थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इन निरीक्षणों का उद्देश्य पुलिसिंग व्यवस्था में पारदर्शिता, तत्परता एवं अनुशासन को सुदृढ़ करना है ताकि आमजन को और अधिक प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान की जा सके।

# दीपावली से पहले सज रहे जुआं फड़



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में एक बार फिर "52 परी" नामक पारंपरिक जुआ खेल का जाल बिछ गया है। रात ढलते ही इन इलाकों में पत्तों की खनक और पैसों की खटखटाहट से माहौल गर्म हो जाता है। सैकड़ों की संख्या में युवा, मजदूर वर्ग और कुछ व्यापारी भी इस खेल में अपनी किस्मत आजमाने जुट रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक कई गुप्त अड्डे सक्रिय हैं, जहां रातभर जुआ का सिलसिला चलता है। बताया जाता है कि ये अड्डे अक्सर खेतों, सुनसान मकानों, जंगल किनारे या होटल के कमरों में लगाए जाते हैं, जहां सुरक्षा का कोई डर नहीं होता। दीपावली से पहले हर साल की तरह इस बार भी जुआरियों का उत्साह चरम पर है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले यह खेल कुछ मित्रों के बीच मनोरंजन के रूप में सीमित था, लेकिन अब यह बड़े पैमाने पर सट्टे के रूप में बदल चुका है। हजारों रुपये दांव पर लगाए जा रहे हैं, और हारने वाले कई युवा कर्ज में डूब रहे हैं। कई परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में दीपावली की खुशियां कर्ज और कलह की छाया में गुम हो रही हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ स्थानों पर इस जुआ कारोबार में बाहरी गिरोह भी शामिल हैं जो युवाओं को फंसाकर उनसे कमीशन वसूलते हैं। कई बार विवाद और झगड़े भी सामने आए हैं, परंतु डर और सामाजिक बदनामी के कारण शिकायतें थाने तक नहीं पहुंच पातीं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह प्रवृत्ति न केवल युवाओं को आर्थिक रूप से तोड़ रही है, बल्कि अपराध की दिशा में भी धकेल रही है। बेरोजगारी और आसान पैसे की लालच में फंसकर कई युवा अब जुए को "किस्मत बदलने" का जरिया मानने लगे हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि दीपावली से पहले ही इन जुआ अड्डों पर छापामार कार्रवाई की जाए। साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाकर ऐसे अवैध खेलों पर नकेल कसी जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी को इस बर्बादी के रास्ते से बचाया जा सके। अगर प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो यह "त्योहार का जुआ" धीरे-धीरे "युवाओं की तबाही" का कारण बन सकता है।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर टीआई से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रविवार को असाटी (वैश्य) विकास समिति ने अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार असाटी के नेतृत्व में कोतवाली थाना की थाना प्रभारी राखी पांडे से सौजन्य भेंट की । उल्लेखनीय है कि श्रीमती राखी पांडेय कोतवाली थाना कटनी की पहली महिला थाना प्रभारी है जिन्हें कोतवाली थाना की कमान सौंपी जाकर पदस्थ किया गया है।

असाटी समाज के प्रतिनिधि मंडल में संतराम असाटी, योगेंद्र कुमार असाटी, सूरज असाटी, राकेश कुमार असाटी, मनोज कुमार असाटी, संदीप (राजा) असाटी, अशोक कुमार (छोटे) असाटी, अनीता असाटी, अंजनी असाटी, रीता असाटी, दीपिका असाटी सहित अन्य सामाजिक बंधुओ ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने जिले की सुरक्षा और शांति व्यवस्था हेतु संवाद कर आग्रह किया।

### थाना प्रभारी ने दिया आश्वासन

थाना प्रभारी श्रीमति राखी पांडे ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के साथ-साथ शहर की कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था का सुचारू क्रियान्वयन, आगामी त्योहारों के अवसर पर शांति एवं सौहाद्र सुनिश्चित करना,नशा मुक्ति , सामाजिक हित के कार्यक्रमों को बढ़ावा देना तथा अपराधियों को सजा दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, कर्तव्य और जिम्मेदारी भी है। इसके लिए हम जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में कठोर परिश्रम और ठोस कार्ययोजना बनाकर, जन सुझाव तथा अपनी टीम के सहयोग से निरंतर काम करेंगे।

*पंचायतों, निकायों में भी कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण*

# जिले के 2.41 लाख से अधिक बहनों के खातों में 29.36 करोड़ की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 41 हजार 220 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त के तौर पर 29 करोड 36 लाख 19 हजार 350 रूपये की राशि का अंतरण किया।

यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष सहित जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी आयोजित किया गया। जहां उपस्थित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 679 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 85 लाख 18 हजार 450 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 586 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 93 लाख 79 हजार 500 रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 566 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 57 लाख 2 हजार रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 935 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 38 लाख 48 हजार 750 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 940 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 16 लाख 68 हजार रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 35 हजार 136 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 29 लाख 13 हजार 400 रूपये अंतरित किये। वहीं नगरनिगम कटनी की 28 हजार 284 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड़ 42 लाख 11 हजार 700 रूपये नगर परिषद बरही की 2 हजार 316 पात्र महिलाओं के खाते में 28 लाख 32 हजार 600 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 293 पात्र महिलाओं के खाते में 27 लाख 37 हजार 250 रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 485 पात्र महिलाओं के खाते में 18 लाख 7 हजार 700 रूपये अंतरित किये।

## खबर संक्षेप

### धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के विरुद्ध पुनरीक्षण याचिका ग्राह्य

**शहडोल।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शहडोल के न्यायालय द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर को निरस्त किए गए परिवाद पत्र के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका पर प्रधान सत्र न्यायाधीश शहडोल ने सुनवाई करते हुए उसे ग्राह्य कर लिया है। यह याचिका अधिवक्ता संदीप कुमार तिवारी की ओर से अधिवक्ता राकेश सिंह बघेल द्वारा प्रस्तुत की गई थी। मामला धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के विरुद्ध दायर परिवाद से संबंधित है। जानकारी के अनुसार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीताशरण यादव के न्यायालय में अधिवक्ता संदीप कुमार तिवारी द्वारा दायर परिवाद पत्र को 11 अक्टूबर को निरस्त कर दिया गया था। इस आदेश के विरुद्ध 13 अक्टूबर को प्रधान सत्र न्यायाधीश शहडोल (श्री के.एन. सिंह) के न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की गई। अधिवक्ता राकेश सिंह बघेल ने याचिकाकर्ता की ओर से उपस्थित होकर न्यायालय में विस्तृत तर्क प्रस्तुत किए। सुनवाई के पश्चात प्रधान सत्र न्यायाधीश श्री के.एन. सिंह ने प्रस्तुत तथ्यों एवं तर्कों के अवलोकन के उपरांत पाया कि पुनरीक्षण याचिका में पर्याप्त आधार मौजूद हैं। न्यायालय ने याचिका को ग्राह्य करते हुए इसे सी.आर.आर. क्रमांक 96/2025 के रूप में दर्ज किया तथा उत्तरदाता धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री व अन्य को तलब करने का आदेश जारी किया। मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। साथ ही प्रधान सत्र न्यायाधीश ने इस प्रकरण को आगे की कार्यवाही हेतु द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश कोल के न्यायालय में स्थानांतरित करने का आदेश पारित किया। यह मामला अब न्यायालय के समक्ष विचाराधीन रहेगा और अगली सुनवाई में पक्षकारों की उपस्थिति आवश्यक होगी।

### लूट का आरोपी मुरैना से गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले की गोहपारू पुलिस द्वारा गत माह हुई लूट की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी एवं उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के पश्चात अब घटना में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। विदित हो कि 05 अगस्त 2025 को फरियादी अनिल कुमार सोनी अपने पुत्र के साथ खन्नौधी साप्ताहिक बाजार से ज्वेलरी बेचकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान चार अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी मोटरसाइकिल को रोककर 10000 की नकदी लूट ली थी तथा विरोध करने पर हाथापाई कर पिस्तौल से हवाई फायरिंग भी की थी। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले में तत्परता से की गई विवेचना के दौरान थाना गोहपारू पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों मोनू सिंह कुशवाहा, देशराज सिंह कुशवाहा एवं उमाशंकर शर्मा उर्फ उमा पंडित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। अनुसंधान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुएए फरार चल रहे चौथे आरोपी रामप्रकाश लल्ला सिंह उर्फ कल्ली शर्मा पिता रामसेवक शर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी रुवार मेन बसई थाना सुमावली जिला मुरैना की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर 11 अक्टूबर को मुरैना भेजा गया था। पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी रामप्रकाश लल्ला सिंह उर्फ कल्ली शर्मा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके पश्चात उसे गिरफ्तार कर 13 अक्टूबर को माननीय न्यायालय शहडोल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोहपारू राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक विद्यासागर, आरक्षक दीपक साहू एवं आरक्षक मोनू शर्मा की अहम भूमिका रही है।

### आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेश सम्मेलन आज

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेश सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत अभियान और त्रस्त्र बचत महोत्सव के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय उद्योग, व्यापार और स्वावलंबन को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा करेंगी, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्यौहारी विधायक शरद कोल उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक शारदेंदु तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा करेंगे। इस सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के संयोजक-सहसंयोजक, मंडल अध्यक्ष, पंचायत एवं नगरपालिका जनप्रतिनिधि, व्यापारी, लघु उद्योग प्रतिनिधि, किसान और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन केशरी पैलेस ब्यौहारी (खटकरिया तालाब के सामने) में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। यह सम्मेलन आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम माना जा रहा है।

# भक्ति और श्रद्धा के सुरों में डूबा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

## भक्ति शैली में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और धर्म, नीति एवं भक्ति के विविध प्रसंगों का मनमोहक वर्णन





**धनपुरी।**

वार्ड नंबर 4 सिद्दीकी कॉलोनी, विकास लॉज के पास स्थित निवास परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन मंगलवार, 14 अक्टूबर को भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा। यह कथा आयोजन स्व. श्रीमती रामरती सोनी की पुण्य स्मृति में उनके पति रमेश प्रसाद सोनी एवं सोनी परिवार द्वारा श्रद्धाभाव से कराया गया। 7 अक्टूबर से प्रारंभ हुए इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ में पंडितों ने संगीतमय भक्ति शैली में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्तों के चरित्र और धर्म, नीति एवं भक्ति से जुड़े विविध प्रसंगों का मनमोहक वर्णन किया। कथा सप्ताह के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा स्थल पर पहुंचे और भक्ति रस का आनंद लिया। प्रतिदिन भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चारण और संगीतमय प्रस्तुति ने कथा स्थल को भक्तिमय माहौल से भर दिया। आयोजन समिति ने सभी भक्तों के बैठने, पेयजल और प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था की थी, जिससे प्रत्येक श्रद्धालु सहज रूप से कथा में शामिल हो सके।कथा सप्ताह के समापन दिवस 14 अक्टूबर को विशेष रूप से हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही वरणी एवं प्रसाद वितरण दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा के पुण्य लाभ को प्राप्त करें।सोनी परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और आत्मिक शांति का अनुभव देने का प्रयास किया है। पूरे सप्ताह चलने वाले इस धार्मिक महायज्ञ ने सिद्दीकी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में भक्ति और सांस्कृतिक जागरूकता का अद्भुत संदेश फैलाया।

# आरएसएस की शताब्दी वर्ष पर जयसिंहनगर में निकला भव्य पथ संचलन



**शहडोल।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार 12 अक्टूबर को खंड जयसिंहनगर में शताब्दी वर्ष समारोह के तहत भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में देशभक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी। 100 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्रा में संघ ने राष्ट्र निर्माण, सेवा और संगठन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इसी गौरवशाली विरासत को याद करते हुए जयसिंहनगर में आयोजित पथ संचलन में दो सौ से अधिक गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। संचलन का शुभारंभ सांदीपनि विद्यालय मैदान से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान नगरवासियों और मातृशक्तियों ने स्वयंसेवकों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में नन्हे स्वयंसेवकों ने भी पूर्ण गणवेश में भाग लेकर देशभक्ति का परिचय दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में संघ के जिला कार्यवाह मनीष द्विवेदी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में संघ के 100 वर्षों के इतिहास, संघर्षों और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आरएसएस केवल संगठन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति की पाठशाला है। उन्होंने जातिगत भेदभाव को त्यागकर एकजुट होकर राष्ट्र को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, खंड संघ चालक राजेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं नगरवासी उपस्थित रहे। मंच को रंगोली और पुष्पों से सुसज्जित किया गया, जिससे आयोजन का वातावरण और भी गरिमामय बन गया।

# टी.वी.एस. शोरूम के सामने लापता हुआ युवक परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार



**शहडोल।**

**जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भांगजीर निवासी 30 वर्षीय युवक राजेश सिंह गोंड बीते कई दिनों से लापता है। युवक के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी को लेकर पुलिस अधीक्षक शहडोल को आवेदन देकर तत्काल खोजबीन की मांग की है।** खबर है कि ग्राम भांगजीर निवासी रामसेवक सिंह गोंड उम्र 50 वर्ष ने बताया कि उनका पुत्र राजेश सिंह गोंड दिनांक 28 सितंबर 2025 को घर से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आरटीओ कार्यालय शहडोल गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। चिंतित परिजनों ने जब उसके मोबाइल नंबर 6267823243 पर कॉल किया, तो फोन बंद मिला। अगले दिन परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। रामसेवक सिंह ने बताया कि 29 सितंबर की सुबह ग्राम भैसहा निवासी रामकुशल यादव ने फोन कर जानकारी दी कि राजेश ने पिछली रात उसे कॉल करके बताया था कि वह शहडोल से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर लौटते समय गोहपारू से अपने दोस्त अनिल यादव की बोलेरो गाड़ी में बैठा था। बोलेरो में जनक बाई सिंह गोंड और पटेल सिंह गोंड निवासी गोहपारू सहित अन्य लोग भी सवार थे। शाम करीब 08 बजे जब बोलेरो जयसिंहनगर स्थित टी.वी.एस. शोरूम के सामने पहुंची, तभी सामने से आ रही एक कार से हल्की टक्कर हो गई। इसी बात पर कार में सवार अनिल सोनी निवासी जयसिंहनगर और उसके साथी ने बोलेरो चालक से विवाद करते हुए गाली-गलौज और मारपीट की। उसी दौरान राजेश बोलेरो से उतरकर वहां से कहीं चला गया, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला है। परिजनों ने पुलिस से युवक की शीघ्र तलाश कर सुरक्षित घर लौटाने की मांग की है। मामले की जांच जयसिंहनगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

# एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन छात्र हितों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन



**शहडोल।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में सोमवार को एनएसयूआई शहडोल ने जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में छात्र हितों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुलपति मुर्दाबाद के नारे लगाए गए और विश्वविद्यालय प्रशासन को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एनएसयूआई ने आधारभूत सुविधाओं, शिक्षा की गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता और एग्रीकल्चर विभाग की समस्याओं सहित कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। प्रमुख मांगों में दोनों कैंपस में प्राथमिक उपचार, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा, ग्रीन बोर्ड और वॉशरूम की व्यवस्था; लाइब्रेरी में नई शिक्षा नीति से संबंधित पुस्तकों की उपलब्धता; छात्रों को आईडी कार्ड एवं लंबित मार्कशीट शीघ्र जारी करने की मांग शामिल रही। एनएसयूआई ने निर्माण कार्यों में देरी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि क्करू उषा योजना के तहत प्राप्त 20 करोड़ एवं जनित्र निधि के 1 करोड़ का उपयोग स्पष्ट किया जाए। साथ ही एग्रीकल्चर विभाग की 5 एकड़ भूमि को विवादमुक्त कर वहां लैब, स्मार्ट क्लास और फील्ड वर्क की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएं। प्रदर्शन में जिलाउपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, सिमरन कौर, ब्लॉक अध्यक्ष अमन तिवारी, जिला महासचिव हर्ष गौतम समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ शामिल रहे।

# बैंक में पैसा जमा करने निकले युवक की हत्या, शव जलाने की भी कोशिश



**शहडोल।**

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर उसके शव को जलाने की कोशिश किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान राजकुमार साहू उम्र 23 वर्ष निवासी बिजही के रूप में हुई है, जो 10 अक्टूबर की दोपहर घर से बैंक में 12 हजार रुपये जमा करने निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अगले दिन उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट ब्यौहारी थाने में दर्ज कराई थी।

पुलिस के अनुसार, राजकुमार की मां से दोपहर 3 बजे उसकी आखिरी बार बात हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि मैं जल्द घर आ रहा हूं। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और कोई संपर्क नहीं हो पाया। 11 अक्टूबर को गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। रविवार को वन विभाग की टीम जब शहडोल-रीवा मार्ग स्थित हनुमान घाटी के जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर रही थी, तभी मुख्य सडक़ से लगभग 500 मीटर अंदर एक अधजला शव देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान राजकुमार साहू के रूप में की गई। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि युवक पर पहले पत्थर से हमला किया गया और बाद में सबूत मिटाने के लिए शव पर आग लगाई गई। शव के ऊपर पत्ते रखकर जलाने की कोशिश की गई थी, लेकिन पूरी तरह नहीं जल पाया। थाना प्रभारी ब्यौहारी ने बताया कि मामले को हत्या मानते हुए जांच शुरू कर दी गई है। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन पुलिस इसे योजनाबद्ध हत्या मानकर जांच आगे बढ़ा रही है।

### इनका कहना है...

युवक की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश की गई है। पीएम रिपोर्ट में चीजें स्पष्ट होगी, हालांकि पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। शव को पीएम की कार्रवाई के लिए अस्पताल लाया गया है। गुम इंसान भी परिजनों ने दर्ज करवाया था।

**अरुण पाण्डेय**
**थाना प्रभारी, ब्यौहारी**

# विक्रेता के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए चल रहा खेल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़वारा**

**विलायतकला सहकारी समिति में पदस्थ विक्रेता लखन पटेल द्वारा ऋण माफी योजना में गम्भीर अनियमितताएं की गई हैं जिसके परिप्रेक्ष्य में रिकार्ड का अवलोकन करने के पश्चात 24,09, 2025 को समिति प्रवन्धक राहुल तिवारी द्वारा लखन पटेल विक्रेता को ऋण माफ़ी योजना में अनितमित्ताएँ बरतने पर शोकाज नोट्स जारी कर विभिन्न विन्दुओं पर जबाब तलब किया गया था। इससे पहले की भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की परतें खुलती राहुल तिवारी को ही हटा दिया गया।**

समिति प्रबंधक ने विक्रेता लखन पटैल कोजारी शोकाज नोटिस में उल्लेख किया गया था समिति का रिकार्ड अवलोकन उपरांत यह तथ्य सामने आये है। आप मार्च 2013 से समिति में विकेता पद पर कार्य कर रहे है। समिति के केसी.सी लोन खाता नम्बर 4 के पृष्ठ कंमाक (59) के अनुसार वर्ष 2015 में आपके ऊपर 50000 हजार लोन दर्शित हो रहा है। आपके द्वारा वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री ब्याजमाफी योजनांतर्गत का लाभ भी लिया गया है। किन्तु उसके बाद भी 50000 हजार लोन चुकता नहीं किया गया है। जो ब्याज सहित 30.06.2025 की स्थिति में 66849 लंबित है। इसी प्रकार समिति के खाता नम्बर 9 के पृष्ठ कंमाक 55 के अनुसार 30.06.2017 में मूलधन 188207 ब्याज 157820 कुल 346027 लोन लंबित था। जिसे 31.03.2018 ने ऋणमाफी 194606 लिखकर निल कर दिया गया। जो संदेहास्पद है। जय किसान ऋणमाफी योजना के अन्तर्गत 200000 तक ही लोन माफ होने के प्रावधान थे। अतः स्पष्ट है कि पोर्टल में गलत जानकारी या अन्य खाते का कर्ज माफ हुआ हो जो आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थायें भोपाल द्वारा जारी सेवानियम दिनांक 30.08. 2013 के अध्याय (6) नियम 23 गंभीर दुराचरण की कंडिका (0) (आईआई) (शिव) (एक्सवी) (एक्सएक्स) (एक्सएक्सआईआईआई) में वर्णित आचरण का उल्लंघन होकर गंभीर दुराचरण का कृत्य भी है।अतः कारण सहित स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया है कि आप अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध क्यों न वैधानिक कार्यवाही की जाये। 2. क्यों न सेवा समाप्त की जाये। 3. क्यों न सेवा समाप्त एवं वैधानिक कार्यवाही एक साथ की जावे। अपना समाधान कारक स्पष्टीकरण का जवाब दिनांक 29.09.2025 को लिखित में मय प्रमाण दस्तावेज राशि जमा रशीद या चालान ऋणमाफी से संबंधित दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करे। समाधान कारक जवाब न दिये जाने पर आपके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। पत्र जारी होने के पश्चात समिति प्रवन्धक राहुल तिवारी को अचानक ही विलायतकला साहकारी समिति से स्थानांतरित कर दिया गया।

### इनका कहना है

इस संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता राज यश वर्धन कुरील का कहना है कि विलायतकला सहकारी समिति में कार्यरत विक्रेता लखन पटेल के खिलाफ शिकायतों की जांच उपरांत उन्हें निलंबित किया जा चुका है, उनके खिलाफ जो भी शिकायतें प्राप्त होंगी उनकी निष्पक्ष जांच की जाएगी फिलहाल उन्हें किसी भी केंद्र में खरीदी प्रभारी नही बनाया जाएगा। आपके द्वारा मामले की जानकारी संज्ञान में लाई गई है।

# विजयादशमी उत्सव पथ संचलन में तीन पीढ़ियों का उत्साहपूर्ण संचलन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अनूपपुर जिले के अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, अमरकंटक नगर में आयोजित विजयादशमी उत्सव पथ संचलन में अनुशासन, उत्साह और समर्पण की अनूठी झलक देखने को मिली। दिव्यांग, बाल्य स्वयं सेवक, सहित 80 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक पूर्ण गणवेश पर पथ संचलन में सहभागी बने। इस अवसर पर एक स्वयंसेवक परिवार ने विशेष प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस परिवार के बुजुर्ग दादा लोक तंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल पुत्र राकेश अग्रवाल और पोते ने एक साथ गणवेश धारण कर अनूपपुर नगर के पथ संचलन में भाग लिया। तीन पीढ़ियों का यह संगठित रूप न केवल सामाजिक समरसता का प्रतीक बना बल्कि आने वाली पीढ़यों के लिए अनुकरणीय संदेश भी छोड़ गया। पथ संचलन में शामिल अन्य स्वयंसेवकों और नागरिकों ने भी इस परिवार के समर्पण को सराहा। नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा और नागरिक सम्मान के बीच संचलन संपन्न हुआ। दिव्यांग स्वयंसेवक, नन्हें बाल स्वयंसेवक और 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एक साथ गणवेश में पंक्तिबद्ध होकर सहभागी बने।

### कोतमा में भी सैकड़ों स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

शनिवार को नगर में खंड अंतर्गत सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया। दोपहर को संघ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा ठाकुर बाबा धाम में एकत्र होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। सभी देश भक्ति के गीत गाते नगर की सड़कों पर निकले जिनका जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। ठाकुर बाबा धाम, बंजारा, जकीरा चौक, आज़ाद चौक, सरस्वती स्कूल रोड गहरवार तिराहा, स्टेशन चौक, पुराना अस्पताल, सब्जी मंडी रोड, पुराना स्टेट बैंक चौक, गांधी चौक, आजाद चौक, बेरियल रोड, बस स्टैंड होकर मंगल भवन पहुंची। कार्यक्रम में जिला प्रचारक, खंड कार्यवाहक, नगर कार्यवाहक सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कई लोग आए थे। विभाग प्रचारक डॉ बृजेश शर्मा के द्वारा उपस्थित सभी स्वयं सेवको को संबोधित करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए समर्पित रहने का संकल्प दिलाया। सभी लोग ऐसा कार्य करे जिसमें देश का भला हो। अनुशासन और एकजुट होकर राष्ट्र एवं समाज विरोधी ताकतों का डटकर कर मुकाबला करे। पथ संचालन के दौरान एसडीओपी आरती शाक्य के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक कंट्रोल भी बनाती रही।



## खबर संक्षेप

### कोदो कुटकी के उपार्जन के लिए बनाए गए 16 पंजीयन केन्द्र

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** खरीफ वर्ष 2025 में जिले में कोदो कुटकी का उपार्जन कार्य किया जाना है। पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है। जिले में कोदो कुटकी उपार्जन हेतु 16 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। पुष्पराजगढ़ विकासखंड में सेवा सहकारी समिति राजेन्द्रग्राम, सेवा सहकारी समिति भेजरी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दमेहड़ी, सेवा सहकारी समिति बेनीबारी, सेवा सहकारी समिति लीलाटोला तथा सेवा सहकारी समिति करपा को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार जैतहरी विकासखण्ड में सेवा सहकारी समिति जैतहरी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पटनाकला, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धनगवां, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मझगवां (फुनगा), आदिम जाति सेवा सहकारी समिति वेंकटनगर, सेवा सहकारी समिति अनूपपुर तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुलहरा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। कोतमा विकासखण्ड में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोठी तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिजुरी एवं अनूपपुर विकासखण्ड में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मलगा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। इन पंजीयन केन्द्रों पर किसानों का पंजीयन निःशुल्क होगा।

### अति वर्षा से फसलों के नुकसान के भरपाई की विधायक ने की मांग



**अनूपपुर।** पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ को ज्ञापन देकर पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में अतिवर्षा होने से सोयाबीन, उर्द की फसल नष्ट हो चुकी है।जिसका सर्वे कराकर किसानो को तत्काल मुआवजा भुगतान कराया जाए। उन्होंने ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर अनूपपुर को भी दी है। पुष्पराजगढ़ विधायक ने ज्ञापन में लेख किया है कि इस वर्ष अनवरत वर्षा होती रहीं तथा अनुमान जाड़ा और अति वर्षा के कारण किसानो की फसल सोयाबीन, उर्द जो काटना था वह पूर्णरूप से नष्ट हो चुका है। किसान मंहगा बीज, खाद, मेहनत कर जब काटने का समय आया तो अति वृष्टि के कारण सब पानी में चला गया। किसान मध्यप्रदेश सरकार से सहायता के लिये आश लगाए निहार रहे है। उन्होंने मांग की की त्वरित निर्देश जारी कर सर्वे कराकर अविलंब क्षतिपूर्ति राशि मुआवजा के रूप में वितरण कराया जाय।सोयाबीन और उर्द दोनों मंहगा और किसान इसे नगद फसल भी मानते है।कई किसान कर्ज लेकर बोवनि किए हैं और फसल नष्ट हो जाने से ऐसा प्रतीत होता है कि किसान परिवार के लिये मुसीबत का पहाड़ गिर गया है। पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने मांग की है कि किसानो के साथ न्याय किया जाए।

# स्व. हरिशंकर पारिख की स्मृति में कन्या क्रीड़ा परिसर को भेंट की फ्रिज



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** स्वर्गीय हरिशंकर पारिख की पावन स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा सामाजिक सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। श्रीमती निलेश पारिख (धर्मपत्नी) एवं हिमांशु पारिख (पुत्र) ने कन्या क्रीड़ा परिसर, अमरकंटक को एक फ्रिज भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने पारिख परिवार के इस प्रेरणादायक योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि स्व. हरिशंकर पारिख सदैव समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। यह भेंट न केवल उनके स्मरण को जीवित रखेगी बल्कि विद्यार्थियों की सुविधा और आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहायक सिद्ध होगी। जनजाति कार्य विभाग के कन्या क्रीड़ा परिसर अमरकंटक को पारिख परिवार द्वारा फ्रीजर संयंत्र भेंट किया गया अमरकंटक। जनजातीय कार्य विभाग के पवित्र नगरी अमरकंटक के पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक अंतर्गत कन्या क्रीड़ा परिसर को राजस्थान प्रांत के समाजसेवी श्रीमती निलेश पारीक ने 12 अक्टूबर दिन रविवार को फ्रीजर संयंत्र सादर भेंट किया गया। फ्रीजर संयंत्र समर्पित किए जाने के अवसर पर श्रेष्ठ मुनी (आनंद) विद्यालय की प्राचार्य अनुज मिश्रा अधीक्षिका संगीता दीन कन्या क्रीड़ा परिसर की बालिकाएं उपस्थित रही। राजस्थान प्रांत की टोंक जिला के ग्राम पलेई पोस्ट निवाई निवासी श्रीमती निलेश पारीक पत्नी हिमांशु पारीक पुत्र ने परम पूज स्वर्गीय हरिशंकर पारीक की पावन पुण्य स्मृति में डबल डोर फ्रीजर संयंत्र भेंट किया है ताकि कन्या क्रिया परिसर के छात्राओं सामग्री दूध दही एवं पनीर फ्रीजर संयंत्र में रखा जा सके। ज्ञात हो कि स्व. श्री हरिशंकर पारिख अपने जीवन काल में शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं उनके परिजनों के द्वारा फ्रीजर संयंत्र भेंट किए जाने से उनका नाम एवं कार्य हमेशा जीवंत स्मरणीय रहेगा। श्रीमती पारीक के द्वारा फ्रीजर संयंत्र भेंट किए जाने छात्र-छात्राओं विद्यालय परिवार एवं जनप्रतिनिधियों ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर ने किया अलार्ड यूनिवर्सिटी पुणे के साथ एमओयू

## विद्यार्थियों को मिलेगा उच्चस्तरीय शिक्षा और रोजगार के अवसर




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में संकल्प महाविद्यालय, अनूपपुर ने एक ऐतिहासिक पहल की है। महाविद्यालय ने पुणे (महाराष्ट्र) स्थित प्रतिष्ठित अलार्ड यूनिवर्सिटी के साथ मेमोरेण्डम ऑफ अण्डरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, प्रायोगिक प्रशिक्षण और करियर निर्माण के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संकल्प महाविद्यालय का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रायोगिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना रहा है। इस के तहत दोनों संस्थान शिक्षा, अनुसंधान, तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और इंडस्ट्री बेस्ड प्रोग्राम्स के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। इससे विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक, आधुनिक शिक्षण पद्धति और प्रायोगिक अनुभव का लाभ मिलेगा। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह समझौता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। अब विद्यार्थी "लर्निंग विद एक्सपीरियंस" के माध्यम से अपनी क्षमताओं को और अधिक निखार सकेंगे तथा रोजगार बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को तैयार कर पाएंगे।

### साझेदारी के मुख्य बिंदु

फैकल्टी एक्सचेंज एवं स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम जॉब ओरिएंटेड कोर्सेस और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सेमिनार, वर्कशॉप एवं जॉब फेयर का आयोजन रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पर संयुक्त कार्य ऑन-कैंपस और ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव्स करियर काउंसलिंग और इंटरव्यू प्रिपरेशन सेशन इन पहलों से छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ रोजगार प्राप्ति के ठोस अवसर भी मिलेंगे।

### विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार

इस समझौते के बाद संकल्प महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अलार्ड यूनिवर्सिटी की तकनीकी, प्रयोगात्मक और शोध आधारित सुविधाओं का लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को अब पुणे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संसाधनों, ऑनलाइन कोर्सेस, वर्चुअल ट्रेनिंग, प्रोजेक्ट असाइनमेंट और इंडस्ट्री एक्सपोजर का भी अवसर मिलेगा। साथ ही, दोनों संस्थान मिलकर पैरामेडिकल, कंप्यूटर एप्लीकेशन, होटल मैनेजमेंट, कॉमर्स, साइंस और मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर ओरिएंटेड कोर्सेस शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को अपने विषय में गहन जानकारी और रोजगार योग्य कौशल दोनों प्राप्त होंगे।

### स्थानीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बड़ा अवसर

अनूपपुर जिले में इस तरह का शैक्षणिक समझौता पहली बार हुआ है, जो स्थानीय विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। अब उन्हें बड़े शहरों में जाकर शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वे अपने ही जिले में राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा और प्रशिक्षण का लाभ उठा सकेंगे। संकल्प महाविद्यालय ने हमेशा से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह उस दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगा, जिससे जिले के सैकड़ों विद्यार्थियों को रोजगार और प्रशिक्षण दोनों के अवसर मिलेंगे।

# रिहायसी इलाके में दहशत मचा रहा भालू, भय के साये में रहवासी

### भालू के शीघ्र रेस्क्यू की प्रभावितों ने की मांग



**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** जिले के वन पर क्षेत्र कोतमा के लतार सर्किल अंतर्गत कच्छ क्रमांक आर एफ 456 एवं पी 460 तथा उसके आसपास जमुना कॉलोनी वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में पिछले तीन चार माह से जंगली वन प्राणी भालू रिहायशी क्षेत्र में निरंतर प्रवेश कर है और इसके पूर्वी कई बार भालू की दस्तक इस क्षेत्र में हो चुकी है भालू के क्षेत्र में निरंतर आगमन होने से जहां क्षेत्र में रहने वालों के जान माल पर खतरा बना हुआ है तो वही संरक्षित वन प्राणी भालू के जीवन पर भी खतरा बना हुआ है। ऐसी स्थिति में मानव जीवन एवं बन प्राणी के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल रिहायशी क्षेत्र में निरंतर विचरण करने वाले वन प्राणी भालू को पड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए जिससे कि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह ने उपरोक्त मांग पत्र वन मंडल अधिकारी अनूपपुर को देते हुए कहां की भालू के क्षेत्र में हो रहे निरंतर प्रवेश की जानकारी पत्राचार दूरभाष तथा फोटो वीडियो के माध्यम से वन मंडल अधिकारी एवं उनके अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हमारे तथा क्षेत्र के लोगों के द्वारा दिया जा रहा है लेकिन वन मंडल अधिकारी एवं उनके अधिनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा क्षेत्र में विचरण कर रहे वन प्राणी भालू को पकड़ने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं जिसके कारण क्षेत्र में जहां लोगों में भय का वातावरण निर्मित है तो वही उनके जान माल का खतरा निरंतर बना हुआ है इतना ही नहीं अपने बचाव में कहीं क्षेत्र की जनता भालू के जीवन को चोट पहुंचा ना दे इसलिए समय रहते भालू को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाना जनहित में होगा। वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह ने जनहित एवं वन प्राणी हित को ध्यान में रखते हुए अनूपपुर वन मंडल अधिकारी को पत्र प्रेषित कर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है कि अति शीघ्र विशेष दल का गठन कर क्षेत्र में प्रवेश कर रहे भालू को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए।

### जिले के 2391 पशुपालकों को दी गई समझाइश

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 02 अक्टूबर को दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अभियान का शुभारंभ किया गया था। यह अभियान 09 अक्टूबर तक चलाया गया। जिले में इस अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग के अधिकारी व मैत्री कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम में घर घर जाकर ऐसे पशुपालक से संपर्क स्थापित किया गया, जिनके पास 10 या अधिक मादा गाय/भैंस हैं। उनको पशुपालन से समृद्धि के तीन आधार पहला पशु प्रजनन, दूसरा पशु पोषण व तीसरा पशु स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें इससे संबन्धित तीन रील्स के माध्यम से जागरूक किया गया। अभियान के तहत जिले के 440 ग्रामों में 2391 पशुपालकों के घर जाकर व उनसे चर्चा कर ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज की गई। अभियान अंतर्गत अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय व अन्य अधिकारियों द्वारा भी ग्रामों का भ्रमण किया गया। राज्य से नियुक्त नोडल अधिकारी कार्यपालिक संचालक डॉ. राजू रावत सहित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के जिला नोडल डॉ. लोकेश कुमार मोहबे व संयुक्त संचालक संभाग रीवा डॉ. डी. एस. बघेल द्वारा भी जिले के ग्रामों में पशुपालक के घर जाकर भ्रमण व सत्यापन का कार्य किया गया।

### अवैध रेत परिवहन पर पुलिस ने जप्त किया वाहन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 13 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक स्वराज कंपनी ट्रेक्टर का चालक तिपान नदी से ट्रेक्टर की ट्राली मे रेत लोड कर परिवहन कर लाने वाला है। सूचना की तस्दीक एंव कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये उपरोक्त स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। तिपान नदी से होते हुये खोली फाटक नदी पहुंच मार्ग मे एक स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर नीले रंग ट्राली मे रेत भरा हुआ था, ट्रेक्टर को रूकवाकर चालक से नाम पता पूछने पर वह अपना नाम विकास सिंह राठौर पिता श्याम सुंदर राठौर उम्र 26 वर्ष निवासी सिवनी थाना जैतहरी का बताया जिसके पास ट्रेक्टर ट्राली मे लोड 03 घन मीटर खनिज रेत के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने से अवैध खनिज अधिनियम के तहत उक्त ट्रैक्टर मय अवैध खनिज रेत के विधिवत जप्त कर मौके की कार्यवाही कर आरोपी चालक विकास सिंह राठौर एवं वाहन मालिक लक्ष्मण राठौर के विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय व ऑगनवाड़ी केन्द्र अमिलिहा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय दर्रीटोला, शासकीय माध्यमिक विद्यालय व ऑगनवाड़ी केन्द्र डोंगराटोला एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय व ऑगनबाड़ी केन्द्र उमरिहा टोला में क्रमानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर मंस विनोद कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर ने बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के संबंध में विधिक सेवा योजना मौलिक अधिकार, एवं कत्र्तव्य शिक्षा का अधिकार पॉक्सो अधिनियम एवं गुडटच बेडटच के संबंध में जानकारी दी इसीक्रम में बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यस्थता योजना इत्यादि की जानकारी दी साथ ही नालसा की गरीबी उनमूलन योजना एवं बच्चों की मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं योजना के संबंध में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यातायात नियम एवं नालसा टोल फ्री 15100 नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त शिविरों में संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य शैलेश कुमार मिश्रा, प्रधानाध्यापक निर्मल सोनी, प्रधानाध्यापक मोनिका विश्वकर्मा, ऑगनवाड़ी सहायिका श्रीमती कंचन सोनी, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती किरण सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल रामकृष्ण सोनी, पैरालीगल वालैंटियर शिवकांत सोनी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, विद्यालय के छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे।

# पिकअप में ठूंस-ठूंस कर भरे 7 नग भैंसा वाहन सहित जप्त

### वाहन छोड़ चालक हुआ फरार, पुलिस की तफ्तीश जारी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** थाना प्रभारी अमर वर्मा के मार्गदर्शन में 13 अक्टूबर को रात्रि गस्त के दोरान मुखबिर द्वारा सूचना ग्राम मुण्डा में प्राप्त हुई कि (छ.ग.) बरघाट तरफ से खालबहरा होकर पिकअप में मवेशी भैंसा लोड कर आ रहे हैं। उक्त सूचना पर रेड कार्रवाई की गई, पुलिस की गाड़ी देखकर उक्त पिकअप वाहन का चालक पिकअप को रास्ते में रिवर्स होकर तेजी से खालबहरा आंगनबाड़ी के पास दीवार किनारे सटा दिया एवं पिकअप से उतरकर चालक अंधेरे में भाग गया तब तक पुलिस स्टाफ उप निरीक्षक अमरलाल यादव के साथ, प्रधान आरक्षक बलराम पैकरा, आरक्षक विजय टाटू आ गये जो सभी मिलकर पिकअप चालक की तलाश किये जो नही मिला। पिकअप चेक किये तो उसमे क्षमता से अधिक मवेशी भैंसा एवं भैंस क्रूरता पूर्वक सींग से पैर बांध कर ऊपर से रस्सी से कसकर सटाकर बांधे हुये पाये गये जो क्रूरता पूर्वक रस्सी सें बंधे तथा ठूंस-ठूंस कर भरे हुये थे जिनको हिलने डुलने व सांस लेने में बहुत तकलीफ होने कारण यह कृत्य पृथम दृष्टया धारा 11 घ पशु क्रुरता अधिनियम का अपराध पाये जाने से 05 नग भैंसा कृषि योग्य कीमती 25000 रू की दर से 125000 रू के एवं एक नग भैंसा 15000 कीमती एवं एक नग काली रंग की जवान भैंस कीमती 30000 रू की बोलेरो पिकअप कीमती 400000 रू की कुल मवेशी 07 नग कीमती 170000 की मौके पर जप्त किया गया। अज्ञात आरोपी वाहन क्र. एमपी 19 जेडएल 5329 बोलेरो पिकअप के चालक के विरूद्ध अपराध 0/25 धारा 11घ पशु क्रूरता अधि. 1960 एवं 52/192,39/192 एमव्ही एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय नारी उत्कर्ष एवं जागरण कार्यशाला सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** गायत्री चेतना केंद्र अनूपपुर में 12 अक्टूबर को अखिल विश्व गायत्री परिवार की संरक्षिका माता भगवती देवी शर्मा एवं शान्तिकुन्ज हरिद्वार में प्रज्वलित अखण्ड ज्योति के शताब्दी वर्ष 2026 के कार्यक्रमों की श्रृंखला अन्तर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय नारी उत्कर्ष एवं जागरण कार्यशाला सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को शिक्षित, स्वस्थ्य, स्वावलंबी और संस्कारवान बनाकर उनकी आत्मशक्ति और दिव्यता को जागृत करना था। नारी को स्वावलंबन एवं सामाजिक आध्यात्मिक क्रांति हेतु बहनों की प्रतिभा को शताब्दी 2026 में नियोजन हेतु शानदार प्रयास किया गया। नारी उत्कर्ष एवं जागरण कार्यशाला की प्रमुख प्रशिक्षिका अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला-गुना की टोली द्वारा श्रीमती गीता योगी ने भारतीय वीरांगनाओं का उदाहरण देते हुए नारी शक्ति का उत्कर्ष क्यों और कैसे होगा पर सारगर्भित उद्बोधन दी। श्रीमती ज्ञान नामदेव ने संस्कारों की परम्परा द्वारा सुसंस्कृत पीढ़ी के निर्माण पर चर्चा की। श्रीमती उमा शर्मा द्वारा मीडिया के दुष्प्रभाव से किशोरवय बालिकाओं के मानसिक विकास भटकाव की स्थिति को बताते हुए प्रेरक और सटीक मार्गदर्शन किया। श्रीमती मिथलेश श्रीवास्तव ने बाल संस्कार शाला द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने पर चर्चा की। कार्यशाला में अनूपपुर के जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मीक राठौर, गायत्री शक्तिपीठ अमरकंटक के समन्वयक के.एन.योगी, सह-समन्वयक जे.पी.राठौर, जिला समन्वयक अनूपपुरएस के सोनी व्यवस्थापक चेतना केन्द्र ललन सिंह राठौर, मुख्य ट्रस्टी वृन्दावन पटेल, परिव्राजक भैयाराम राठौर, प्रज्ञा धाम गौशाला अंजनी के व्यवस्थापक भारत सिंह राठौर की उपस्थिति में जिले से लगभग 150 बहन एवं 50 भाइयों ने कार्यशाला में भागीदारी की। सभी बहनों को गायत्री परिवार की सप्त आन्दोलन में भागीदारी देकर दस नये महिला प्रज्ञा मण्डल का गठन किया गया। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संयोजन सुसंगठित तरीके से गायत्री परिवार अनूपपुर के जिला समन्वयक एस.के.सोनी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। संचालन के एन योगी एस के सोनी एवं श्रीमती सरोज राठौर ने किया। कार्यशाला के आयोजन में विद्यावती राठौर, सुशीला राठौर, बेला राठौर, माधूरी राठौर,दूलारी राठौर, मीरा राठौर, शांति राठौर, इन्द्रवती, रेखा गुप्ता, कल्पना सोनी, मीरा सोनी, अनुराधा सहरिया का सहयोग रहा।

**न्यायालय (श्री अरबिन्द कुमार बारला)**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01**
**कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**
CNR. No. MP65050001802025
उत्तराधिकार प्रकरण क्र. - MJC/SUC/319/2025
आदेश दिनांक 23/09/2025
तारीख पेशी 14/11/2025

**नोटिस**

रामखेलावन वैस जरिये मुख्तार खास दीपक राम्यास सिंह उम्र 31 वर्ष पिता राम्यास सिंह निवासी ग्राम रूम नं. 12 भारतीय कमला नगर सार्ट पेन रोड अन्ताप हिल वडाला मुम्बई (महाराष्ट्र) ..................................आवेदक

बनाम

01 शाखा प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा - राजनगर कालरी
02 अन्य जिससे संबंधित हो । ............अनावेदकगण

**आवेदनपत्र अन्तर्गत धारा-372 भा.उ.अधि.1925**

आवेदिका द्वारा इस न्यायालय में मृतक वंदना वैस पिता रामखेलावन वैस ग्राम शंकरपुर पोस्ट-मौरा थाना व तहसील रामपुर नैतिक जिला सीधी (म.प्र.) द्वारा उपरोक्त प्रकरण में स्व. वंदना वैस पिता रामेखेलावन द्वारा विधिक पिता रामखेलावन वैस जरिय दीपक राम्यास सिंह होने का उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदनपत्र (दावा) पेश किया है। उक्त आवेदनपत्र की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 14/11/2025 को प्रातः 11.00 बजे होगी, उक्त राशि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, किसी निकाय या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं के या अपने प्लीडर के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और न्यायालय द्वारा अग्रिम आदेश पारित किया जायेगा। उक्त दिनांक को आकस्मिक अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 09/10/2025 को उक्त नोटिस पर अपने हस्ताक्षर व खण्ड छोरा मुद्रा से जारी किया गया।

(अरबिन्द कुमार बारला)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 01 कोतमा,
जिला अनूपपुर (म.प्र.)
सील

**न्यायालय (श्री अरबिन्द कुमार बारला)**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01**
**कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**
CNR. No. MP65050006622024
उत्तराधिकार प्रकरण क्र. - MJC/SUC/24/2024
आदेश दिनांक 04/09/2025
तारीख पेशी 28/10/2025

**नोटिस**

श्रीमती मानू बाई साहू उम्र 60 वर्ष पति स्व. प्रेमलाल साहू निवासी ग्राम विशुनटोला थाना व तहसील कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)..........................आवेदिका

बनाम

01 उर्मिला साहू वगैरह, 02 अन्य जिससे संबंधित हो ।......................अनावेदकगण

**आवेदनपत्र अन्तर्गत धारा-372 भा.उ.अधि.1925**

आवेदिका द्वारा इस न्यायालय में मृतक प्रेमलाल साहू पिता दशरथ साहू ग्राम विशुनटोला थाना व तहसील कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) द्वारा उपरोक्त प्रकरण में स्व. प्रेमलाल साहू पिता दशरथ साहू द्वारा विधिक वारिसान उर्मिला साहू वगैरह होने का उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदनपत्र (दावा) पेश किया है। उक्त आवेदनपत्र की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28/10/2025 को प्रातः 11.00 बजे होगी, उक्त राशि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, किसी निकाय या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं के या अपने प्लीडर के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और न्यायालय द्वारा अग्रिम आदेश पारित किया जायेगा। उक्त दिनांक को आकस्मिक अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 09/10/2025 को उक्त नोटिस पर अपने हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया।

(अरबिन्द कुमार बारला)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 01 कोतमा,
जिला अनूपपुर (म.प्र.)
सील